राजस्थान सरकार

# कार्यालय, प्राचार्य एम बी आर राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा (बाड़मेर)

Email ID – mbrgcb@gmail.com
Telephone No. 02988-240852
Website – http://hte.rajasthan.gov.in/college/gcbalotra/

क्रमांक: MBRGCB/RUSA/2018-19/ 1470

दिनांकः– 22.09.2018

## अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या (03/2018–19)

इस महाविद्यालय में निम्नलिखित सामग्री का क्रय रूसा मद से किया जाने हेतु विनिर्माता, अधिकृत विक्रेता, सप्लायर से दरें आमंत्रित की जाती है –

| क्र.स. | समग्री विवरण | संख्या / मात्रा | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Offgrid solar invertor 4kwp | – | 400000 |
| 2 | Conference System for conference hall size 28 x 44 feet for sitting length wiring 85 feet [PAS] | – | 100000 |
| 3 | Electronic Podium | 01 | 40000 |
| 4 | Smart Board including installation & training | 01 | 50000 |
| 5 | Class writing Boards | 05 | 30000 |
| 5 | Digitisation of Library | 15000[ +/- 2000] Books | 150000 |
| | कुल अनुमानित राशि | | 770000 |

उक्त सामग्री क्रय के लिए निविदा फॉर्म इस महाविद्यालय से कार्यालय समय में (2.00 बजे तक प्रतिदिन) दिनांक 01.10.2018 को 11.00 बजे तक निविदा फॉर्म शुल्क 200 रू. रोकड़ जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है या SPPP पोर्टल या कॉलेज वेबसाईट से भी प्राप्त कर निविदा फॉर्म राशि 200 रू. डी.डी. प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा के पक्ष में देय बनाया जाकर संलग्न कर, निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा के साथ अमानत राशि 2 प्रतिशत डी.डी. जो कि **"प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा"** के पक्ष में देय हो, लगाना आवश्यक है। निविदा प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार किये जायेंगे। आपूर्ति समय 10 दिवस से पूर्व (अथवा स्टेट प्रोजेक्ट डारेक्टर रूसा से प्राप्त निर्देशों के अनुसार क्रय समिति द्वारा निर्धारित किया जायेगा) करना होगा।

निविदायें दिनांकः 01.10.2018 दोपहर 2.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं 02.10.2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे निविदायें महाविद्यालय की क्रय समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये निविदा अंशतः या पूर्णतः निरस्त/संशोधित करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य शर्तें कार्यालय व SPPP Portal या कॉलेज वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा(बाड़मेर)

प्राचार्य
एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय
बालोतरा

क्रमांक- MBRGCB/RUSA/2018-19/1470

दिनांकः– 22.09.2018

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् आयुक्त महोदय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. संपादक राजस्थान पत्रिका को भेजकर लेख है कि आप उक्त निविदा डीपीआर दरों पर कम से कम स्पेस में प्रकाशित करने का श्रम करावे।
3. लेखा शाखा व वेब प्रभारी, को प्रेषित कर लेख है कि इस निविदा सूचना को राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कार्यवाही करावें।
4. महाविद्यालय सूचना पट्ट।
5. कार्यालय BOG/तकनीकि समिति/भवन निर्माण समिति/क्रय समिति।
6. सार्वजनिक सूचना पट्ट नगर परिषद/पंचायत समिति/उपखण्ड कार्यालय बालोतरा।
7. रूसा फाईल।
8. लेखा शाखा/रक्षित पत्रावली।

प्राचार्य
एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा(बाड़मेर)

प्राचार्य
एम.बी.आर. राजकीय महाविद्...

## राजस्थान सरकार

## कार्यालय प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा

### निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या ................दिनांक...................

### —: निविदा की शर्तें :—

**टिप्पणी** :— निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा अपनी निविदाएं भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिए। निविदादाताओं को अपने निविदा प्रस्ताव निविदा सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करके प्रेषित करने चाहिए।

1. निविदादाता को निविदा शर्तों में बताये अनुसार तकनीकी प्रस्ताव एवं उससे संबंधित समस्त दस्तावेज **लिफाफा नं. A** में सीलबन्द करने है तथा लिफाफे पर **"सामग्री/कार्य का नाम व तकनीकी प्रस्ताव"** अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है। वित्तीय प्रस्ताव **लिफाफा नं. B** में सीलबन्द करने है तथा लिफाफे पर **" सामग्री/कार्य का नाम व वित्तीय प्रस्ताव"** अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है। फिर दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द करके प्रस्तुत करना होगा। जिस पर स्पष्ट रुप से **" सामग्री/कार्य का नाम व निविदा प्रस्ताव"** लिखा होना चाहिए तथा एजेन्सी का स्पष्ट पता लिखा होना चाहिए।
2. निविदादाता इस बात पर विशेष ध्यान देवे की लिफाफा सील बन्द हो एवं जिससे सम्बन्धित निविदा प्रस्तुत की जा रही है उसका नाम जैसे सोलर सिस्टम, कान्फ्रेन्स सिस्टम, स्मार्ट बोर्ड आदि सील बन्द लिफाफे के ऊपर लिखा हुआ हो। साथ ही तिथि एवं समय का भी उल्लेख करें।
3. तकनीकी प्रस्ताव वाले **लिफाफे नं. A** में निविदा सूचना संबंधी समस्त शर्तें निविदादाता के हस्ताक्षर मय फर्म की मोहर के संलग्न करने है, साथ ही तकनीकी प्रस्ताव में निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करने है —
    1. निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200/— रसीद/डीडी
    2. अमानत राशि का डीडी
    3. आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति।
    4. घोषणा पत्र (एस.आर.11)।
    5. एक व्यक्तिगत पहचान पत्र(आई.डी) की प्रमाणित प्रति।
    6. फर्म का पंजीयन प्रमाण—पत्र।
    7. फर्म का जी.एस.टी. आयकर चुकता प्रमाण—पत्र 31 मार्च 2018 तक का हो।
    8. फर्म का पूर्व में ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का 50/— के नॉन जुड़िशीयल स्टाम्प पर शपथ—पत्र
    9. निविदा प्रक्रिया के निर्णय से संबद्ध सदस्यों में परिजन नहीं होने का 50/— के नॉन जुड़िशीयल स्टाम्प पर शपथ—पत्र

    इन दस्तावेजों के अभाव मे निविदा स्वीकार नही की जायेगी। सभी दस्तावेज निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर अवश्य होने चाहिए। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. **लिफाफा नं. B** में केवल वित्तीय प्रस्ताव ही सीलबन्द करना है।
5. बोली प्रस्ताव के साथ अमानत राशि रू. : 2 प्रतिशत/— डी.डी. **"प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा"** के नाम देय संलग्न करना होगा, अन्यथा बोली पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदाओं को खोलते समय सर्वप्रथम तकनीकी प्रस्ताव ही खोले जायेंगे और तकनीकी प्रस्ताव योग्य पाये जाने पर ही एजेन्सी के वित्तीय प्रस्ताव खोले जा सकेंगे, जिसके लिए किसी प्रकार का तर्क मान्य नहीं होगा। तकनीकि कमी पूर्ति करने का मौका देने का सर्वाधिकार क्रय समिति के विवेकाधीन रहेगा एवं क्रय समिति द्वारा निर्धारित समय में पूर्ति न होने पर निविदा निरस्त समझी जायेगी।
7. सशर्त एवं साधारण डाक/ई—मेल इत्यादि से प्रेषित बोलियां/निविदा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. निविदा प्रस्ताव को सूचना में दिये गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करनी चाहिए।
9. सामग्री के लिए निर्माता/अधिकृत वितरक/डीलर ही बिड प्रस्तुत करें। विनिर्माता/डीलर आदि को घोषणापत्र एस.आर. प्रारूप 11 में संलग्न किया जाना आवश्यक है।
10. जी.एस.टी. पंजीयन एवं कर चुकता प्रमाण पत्र — कोई भी डीलर जहां उसका व्यवसाय स्थिति है, यदि राज्य में प्रचलित कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नही है तो वह निविदा नहीं देगा। कर पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए एवं दिनांक 31.03.2018 तक का जी.एस.टी. चुकता प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उसके अभाव में निविदा को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
11. आयकर विभाग द्वारा जारी पेन नम्बर की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। उसके अभाव में निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

प्राचार्य
एम.बी.आर.राजकीय महाविद्यालय

12. निविदा प्रारूप स्याही से भरा जाएगा या अंकित किया जायेगा। पैंसिल से भरी गयी किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. निविदा में दरें स्पष्ट अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी जाएगी। इसमें कोई त्रुटियां (Error) एवं उपरिलेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियां करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं दिनांक सहित उन पर हस्ताक्षर किये जाने चाहिए। अंकों एवं शब्दों में अन्तर होने पर शब्दों में प्रस्तावित राशि को सही माना जावेगा।

14. एफ.ओ.आर. एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा होगा तथा स्थानीय कर, चुंगीकर इत्यादि का भुगतान फर्म को ही करना होगा। प्रत्येक उपकरण की दर एक यूनिट की समस्त टेक्स/अन्य चार्जेज जोड़ते हुए अंकित करेगें।

15. मूल्य अधिमान – मूल्य अधिमान/अधिमान, राजस्थान के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों को राजस्थान के बाहर के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों पर भण्डार क्रय (राजस्थान के उद्योगों को अधिमान) नियम 1995 के अनुसार दिया जाएगा।

16. अनुमोदित प्रदायकर्ता (सप्लायर) के लिए यह समझा जाएगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले माल की शर्तो, स्पेसिफिकेशन, साइज, मेक इत्यादि की सावधानीपूर्वक जांच कर ली है। यदि उसे इन शर्तों के किसी भाग, स्पेसीफिकेशन आदि के आशय के बारे मे कोई सन्देह हो, तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, उसे प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा से स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिए।

17. प्रदायकर्ता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य फर्म को नहीं सौंपेगा या उसे उपभाड़े (सबलेट) पर नहीं देगा।

18. विशेष विवरण स्पेसिफिकेशन –

    1) प्रदाय की गयी सभी वस्तुए निविदा में निर्धारित स्पेसिफिकेशन ट्रेडमार्क के पूर्णतया अनुरूप होगी। प्रस्तावित मॉडल की सप्लाई ही स्वीकार की जायेगी।

    2) प्राचार्य, एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा की क्रय समिति का इस सम्बन्ध में कि, क्या प्रदाता की गई वस्तुए स्पेसीफिकेशन्स के अनुरूप है तथा क्या वे सैम्पल, यदि कोई हो, के अनुसार है, किया गया निर्णय निविदादाताओं के लिए अन्तिम एवं मान्य होगा।

    3) वारंटी एवं गांरटी का खंड–निविदादाता यह गारंटी देगा कि माल/स्टोर्स/वस्तुएं खरीदे जाने वाले उस माल/स्टोर्स/वस्तुओं की सुपुर्दगी के दिनांक से 12 माहों की अवधि या अधिक अवधि यदि कोई हो, के लिए यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवता के अनुरूप बनी रहेगी।

19. रद्द करना (Rejection)

    A- निरीक्षण या परिक्षण के दौरान जो वस्तुएं अनुमोदित नहीं की जाएगी उन्हें रद्द किया जाएगा तथा निविदादाता द्वारा उन्हें महाविद्यालय द्वारा निश्चित किये गये समय के भीतर अपनी स्वंय की लागत पर बदला जाएगा।

    B. तथापि यदि सरकारी कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के कारण, पूर्ण या आंशिक रूप में उन वस्तुओं को बदलना साध्य नहीं समझा जाए तो महाविद्यालय निविदादाता को सुनवाई किये जाने का एक उचित अवसर देकर ऐसे कारणों को अभिलिखित करेगा।

20. यदि फर्म किसी अनुमोदित आईटम को सप्लाई करने में किसी भी कारण से असमर्थ है तो उसके समकक्ष या अन्य मेक का आईटम क्रय समिति के अनुमोदन के पश्चात् फर्म द्वारा उपलब्ध करवाना होगा। यदि फर्म अनुमोदित सामग्री सप्लाई नहीं करती है तो सरकार स्थानीय बाजार से उक्त या उसके समकक्ष बाजार से उपलब्ध अन्य मेक की सामग्री क्रय करने के लिए स्वतन्त्र होगी एवं अन्तर की राशि फर्म की अमानत राशि अथवा बिल से समायोजित की जावेगी।

21. निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आना पक्ष समर्थन करना एक प्रकार की अनर्हता होगी।

22. सुपुर्दगी अवधि – निविदादाता, जिसकी निविदा स्वीकार की जाए, प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा द्वारा क्रय आदेश जारी करने उपरान्त 10 दिवस से पूर्व अथवा स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर रूसा द्वारा निर्देशानुसार क्रय समिति द्वारा तय की जायेगी।

23. परिनिर्धारित क्षति (Liquidated damages) रू.

    1) बिड प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिए विर्निदिष्ट समय को संविदा सार रूप में समझा जाएगा तथा सफल निविदादाता क्रेता अधिकारी से कार्यादेश जारी होने की तिथि से उक्त अवधि के भीतर सप्लाई करेगा।

    2) परिनिर्धारित क्षतिः नियमानुसार क्रय समिति द्वारा निर्धारित रहेगी।

    3) यदि प्रदायकर्ता (सप्लायर) किन्हीं बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत माल की सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि करना चाहता है, तो वह लिखित में प्राचार्य, एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा को आवेदन करेगा जिसने प्रदायगी हेतु आदेश दिया है। किन्तु वह उसके लिए निवेदन बाधा घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न कि सप्लाई पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

24. यदि माल की सप्लाई करने में उत्पन्न हुई बाधा निविदादाता के नियंत्रण से परे कारणों से हुई तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि में परिनिर्धारित क्षति से सहित या रहित की जा सकेगी।

प्राचार्य
एम.बी.आर. राजकीय महाविद्या...
बालोतरा

25. उक्त कार्य/सामग्री का क्रय अनुमानित है। अनुबंध अवधि के दौरान क्रय सामग्री की कुल क्रय अनुमानित कीमत से कम/अधिक हो सकती है। जो क्रय राज.लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के उपनियम 73 के अनुसरण में होगी। क्रय समिति द्वारा सामग्री संख्या बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

26. अमानत/बयाना राशि (Earnest Money)

(क)निविदा प्रस्ताव के साथ नियमानुसार निविदा सूचना में वर्णित राशि (2 प्रतिशत) बयाना राशि प्रस्तुत की जाएगी। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ख) बयाना राशि का प्रतिदाय :– असफल निविदादाता की बयाना राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद यथासंभव शीघ्र डी.डी. लौटाया जाएगा।

(ग) बयाना राशि से आंशिक छूट :– उन फर्मों को जो कि निदेशक, उद्योग विभाग राजस्थान के पास पंजीकृत है, उन मदों के संबंध में, जिनके लिए वे उक्त रूप में रजिस्टर्ड की गई है, उनके द्वारा मूल पंजीयन प्रमाण पत्र या उसकी फोटोस्टेट प्रति या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर निविदाएं आमंत्रित करने की सूचना में दिखाई गई निविदा के अनुमानित मूल्य के नियमानुसार छुट की दर पर बयाना राशि जमा करानी होगी।

(घ) केन्द्र सरकार एवं राजस्थान सरकार के उपक्रमों को कोई बयाना राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

(ड़) अनुमोदन की प्रतीक्षा करने वाली या रद्द की गयी निविदाओं के संबंध में या संविदाओं के पूर्ण हो जाने के कारण विभाग/कार्यालय के पास जमा बयाना राशि/प्रतिभूति राशि निक्षेप को नयी निविदाओं के लिए बयाना राशि/प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित नहीं किया जाएगा।

27. बयाना राशि का समपहरण :– बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहृत (जब्त) कर लिया जाएगा –

(i) जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने के पुर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

(ii) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता हैं।

(iii) जब निविदादाता प्रदायगी के आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता हैं।

(iv) जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय आरंभ करने में असफल रहता है।

28. बीमाः– सामान गन्तव्य गोदाम पर सही दशा में सुपुर्द किये जाऐंगे। निविदादाता चाहे तो किसी भी प्रकार की हानि से बचने के लिए बीमा करा सकेगा परन्तु सभी प्रकार के व्यय निविदादाता द्वारा ही किये जाएगे। राज्य सरकार से ऐसे किसी भी प्रभार भुगतान की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

29. भुगतान की प्रक्रिया :–

1. महाविद्यालय द्वारा कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

2. सामग्री आपूर्ति निविदा शर्तो के अनुरूप क्रय/प्रदायगी आदेश अनुसार करने पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जाएगा।

3. समस्त प्रकार के प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा ही वहन किये जाएगे।

4. विवादास्पद मदों के सम्बन्ध में राशि का 10 से 25 प्रतिशत तक भुगतान रोक लिया जाएगा।

30. वसूलियां – परिनिर्धारित, क्षयों, कम सप्लाई, टूट फूट, रद्द की गई वस्तुओं के लिए वसूलियां साधारण रूप से बिल में की जावेगी। मालों की सीमा तक राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि सप्लायर सन्तोषजनक ढंग से उनको नहीं बदलता है तो परिनिर्धारित क्षय (लिक्विडेटेड डेमेजेज) के साथ वसूली उसकी देय राशि एवं विभाग के पास उपलब्ध प्रतिभूति निक्षेप से की जाएगी। यदि वसूली करना संभव नहीं हो तो राजस्थान पी डी आर एक्ट या प्रवृत्त किसी भी अन्य कानून के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।

31. सशर्त निविदा मान्य नहीं :– यदि निविददादाता ऐसी शर्ते आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तो के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है, तो उसकी बिड को संक्षिप्त कार्यवाही कर रद्द कर दिया जाएगा। किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझा जाएगा जब तक कि महाविद्यालय द्वारा जारी किये गए बिड स्वीकृति पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो।

32. महाविद्यालय किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन वस्तुओं के लिए निविदादाता ने निविदा दी है उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एक फर्म/सप्लायर से अधिक को स्टोर की मददों को वितरित करने के अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

33. निविदा करार निष्पादित करते समय, निविदादाता यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख (पार्टनरशीप डीड) की अनुप्रमाणित प्रति, पंजीयन संख्या एवं उसका वर्ष, एक मात्र स्वामित्व मामले में आवास एवं कार्यालय का पता व टेलिफोन नम्बर तथा कम्पनी के मामले में रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित प्रति संलग्न करेगा।

34. सामान्यतया कार्यादेश किसी भी एक फर्म को दिया जायेगा, किन्तु परिस्थिति अनुसार इस कार्य को एक से अधिक फर्मों को आवंटित किया जा सकता है।

35. निर्धारित निविदा प्रपत्र के अलावा अन्य प्रपत्र में दी गई निविदा मान्य नहीं होगी।

**36. निर्धारित समय पश्चात् (Delayed) प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा बन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षर कर्त्ता के कार्यालय में नियत दिनांक व समय पर पहुँच जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर**

प्राचार्य

विचार करना संभव नहीं होगा। ई–मेल आदि द्वारा निविदाएँ स्वीकार नहीं की जायेगी। डाक द्वारा देरी से प्राप्त निविदा के लिए किसी भी प्रकार का तर्क, आक्षेप स्वीकार नहीं किया जायेगा। चूंकि महाविद्यालय जसोल फांटा पर बालोतरा शहर से बाहर अवस्थित है सामान्यतया डाक देरी से पहुंचने की प्रेक्टिस रही है अतः व्यक्तिशः जमा करने की सलाह दी जाती है।

37. मूल निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने तथा निविदा खोलने की दिनांक व समय में वृद्धि करने का पूर्ण अधिकार महाविद्यालय की क्रय समिति के पास सुरक्षित है।

38. प्रदाय हेतु संविदा को, यदि माल की सप्लाई महाविद्यालय की सन्तुष्टि अनुसार नहीं की जाती है तो निविदादाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद महाविद्यालय किसी भी समय निराकृत (Repudiate) कर सकता है। वह इस प्रकार निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करेगा।

39. उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त जहां आवश्यक हो राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के समस्त प्रावधान/शर्तें लागू होगी।

40. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बालोतरा न्यायालय होगा।

नोटः–उपर्युक्त शर्तें औसत परिस्थितियों के आधार पर आकंलित की गई है विभागीय क्रय समिति/विभाग स्थानीय परिस्थितियों/विभाग की आवश्यकताओं के आधार पर अन्य शर्तें जो उचित समझे सम्मिलित कर सकते है। संशोधित निविदा तथा निविदा की शर्तों का निविदा जारी करने से पूर्व आवश्यक रूप से विभागीय क्रय समिति से अनुमोदन लिया जायेगा। सभी निविदाएं उनके सिवा जो उन पर अभिलिखित कारणों से अस्वीकृत की गयी है, सारणीबद्ध और संवीक्षीत की जायेगी और मदवार दरों का तुलनात्मक विवरण तैयार किया जायेगा।

मैं/हम कार्यालय प्राचार्य, एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा द्वारा जारी की गई निविदा संख्या ..................... ....दिनांक........................ में वर्णित समस्त शर्तों तथा संलग्न पत्रों (जिसके समस्त पृष्ठों पर हमने उसमें वर्णित शर्तों की स्वीकृति के प्रमाण स्वरुप हस्ताक्षर कर दिये है) में दी गई समस्त शर्तों से सहमत होना स्वीकार करते हैं। साथ ही, इस बात पर भी सहमति देते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा के साथ संलग्न किये गये समस्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच/मेरे/हमारे द्वारा अपने स्तर पर कर ली गयी हैं। सभी दस्तावेज विधिक/प्रक्रियात्मक/मौलिक रुप से सही है। यदि निविदा प्रक्रिया या निविदा प्रक्रिया के पश्चात् किसी भी स्तर पर उक्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता असिद्ध होती हैं तो इसके लिए मैं/हम पूर्ण रुपैण उत्तरदायी रहूँगा/रहेंगे एंव इसके लिए विभाग किसी भी स्तर पर किसी भी समय बिना नोटिस दिये हमारी निविदा/अनुबंध को निरस्त करने/हमारे विरुद्ध कानून/विधि सम्मत दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील .................

दिनांक ..........................................

प्राचार्य
एम.बी.आर.राजकीय महाविद्यालय
बालोतरा

# कार्यालय प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा

## निविदा प्रपत्र (तकनीकी प्रस्ताव)

(कृपया इसे लिफाफा नं. A में बन्द करें)

1. निविदा सूचना संख्या/दिनांक : ........................................................................................
2. निविदा की अनुमानित लागत : ........................................................................................
3. मद जिसके लिए निविदा प्रस्तुत की गई है :– ........................................................................
4. निविदादाता फर्म का नाम :– ....................................................................................
5. निविदादाता फर्म का पूर्ण पता :– ..............................................................................
6. किसको सम्बोधित किया गयी :– प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा जिला बाड़मेर।
7. सन्दर्भ :– निविदा सूचना संख्या .......................... दिनांक ................................................
8. निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200/– रसीद संख्या/डी.डी.सं. ..................................... दिनांक ..................... द्वारा जमा करा दी गई है।(तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में सलंग्न करे।) (निविदा प्रपत्र शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जायेगा)
9. अमानत राशि रू. ................................................ के पेटे डी.डी. सं. .................................. दिनांकः .......................... संलग्न है। (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में डी.डी. संलग्न करें)
10. निविदादाता फर्म के पेन (PAN) नम्बर : ..............................................................................(तकनीकी प्रस्ताव के साथ प्रति लिफाफा नं. A में संलग्न करें)
11. फर्म का जी.एस.टी. /आयकर इत्यादि का चुकता प्रमाण–पत्र 31 मार्च 2018 तक का (तकनीकी प्रस्ताव के साथ प्रति लिफाफा नं. A में संलग्न करें)
12. फर्म को अनुभव के प्रमाण स्वरूप सरकारी कार्यालय से प्राप्त कार्यादेश की प्रति तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में सलंग्न करनी होगी।
13. फर्म का पूर्व में ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का 50/– के नॉन जुडिशीयल स्टाम्प पर शपथ–पत्र.... (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में सलंग्न करे।)
14. निविदा प्रक्रिया के निर्णय से संबद्ध सदस्यों में परिजन नहीं होने का 50/– के नॉन जुडिशीयल स्टाम्प पर शपथ–पत्र ........... (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में संलग्न करें)
15. निविदा सूचना में वर्णित समस्त विवरण एवं भार्तें हमारे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ ली गई है तथा समस्त शर्तो का पालन करने के लिए हमारी फर्म सहमत है। उक्त भार्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने निविदा प्रपत्र के समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर मय मोहर कर दिये हैं तथा उनकी पालना करने के लिए सहमत हैं।
16. विनिर्माता/डीलर आदि का घोषणा पत्र भी संलग्न है।

प्राचार्य
एम.बी.आर.राजकीय महाविद्यालय
बालोतरा

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय मोहर
दिनांक ..........................

# राजस्थान सरकार

# कार्यालय, प्राचार्य एम बी आर राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा (बाड़मेर)

Email ID – mbrgcb@gmail.com Telephone No. 02988-240852


## वित्तीय निविदा प्रपत्र

(कृपया इसे लिफाफा नं. B में बन्द करें)

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या ................दिनांक...................

1. कार्यालय प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोतरा पर वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए रूसा मद से फर्नीचर सामग्री सामान उपलब्ध कराने हेतु निविदा।
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पता एवं दूरभाष संख्या ...................................................................................................................................................................................................................................................
3. किसको संबोधित की गई – प्राचार्य एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय, बालोतरा।
4. संदर्भ :– निविदा क्रमांक ........................................................................ दिनांक .............................................
5. मूल्य विवरण –

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशीफिकेशन | Qua-ntity | Rate per unit (Rs.) | Amount (Rs.) | Amount (Rs.) in Words |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Offgrid Solar invertor system 4 kwp | (a) Excide or Luminuous or Adani or REC equivalent standard solar panel Quantity 16 NOS 250 WATT 24 V with 25 years onsite warranty free of cost<br>(b) Excide or Luminous or UTL or other MNRE approved equivalent standard UPS 4KVA 120V quantity 1 associated control and protection devices integrated to convert DC power into 415 Volt, 3 Phase AC voltage along with online monitoring system with 5 years onsite service warranty free of cost<br>(c) Excise or Luminous or Amaron or equivatent standard Tubular Battery 150 AH 12V Quantity 8 NOS. with 5 years replacement warranty onsite free of cost<br>(d) GI structure 4kw, installation charges, wires, FOR transportation to Mahavidhyalaya premsises, All taxes including Cables of finolex or Polycab or KEI or equivalent standard, Earthing kit standard, GI strips as required, MC4 connectors, AC | – | | | |

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | distributor panels and all other required accessories as required.<br>[ Extra cable if required mention your maximum supply then for per feet charges separately]<br>**[Comparasion will be done in three similar brands only in all respect as one combined unit ]** | | | | |
| 2 | Conference System for conference hall size 28 x 44 feet for sitting length wiring 85 feet [PAS] | (a) Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard chairman unit – Microphone 63db, Speaker Max, Input 300 mw, controls, priority switch, Talk switch, speaker, Volume control, Headphone volume controls. Chairman unit has switch priority quantity 1 nos.<br>(b) Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard Delegate Unit – In built speaker, wired Noise level 60 db quantity 14 nos.<br>(c) Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard highly sensitive 400mm (16") long gooseneck microphone for comfortable sharing by two delegates. Automatic Mic off feature in delegate units quantity 14 nos.<br>(d) Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard High facility 2 way 100V multi purpose PA speaker system, 100 V power taps of 6W, 3W & 1.5 W 8 ohms low impendence speaker Including installation. Quantity 4 nos.<br>(e) Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard High facility wireless mic quantity 2 nos.<br>All units with minimum onsite warranty including service if any free of cost for 12 months<br>**[Comparasion will be done in three similar brands only in all respect as one combined unit ]** | – | | | |
| 3 | Electronic Podium | Ahuja or Mega or Hitone or equivalent brand Standard compact, versatile, wireless, lectrum amplifier with builtin 40w amplifier contains a builtin speaker system consisting of 3 nos. 6.5" [165 mm] coated dual cone speakers.VHF wireless mic, receiver & built in digital recorder cum MP3 player and USB pen drive or SD Card operates on 240v 50 mz or more high standard mains supply | 01 | | | |

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | podium light and detechable gooseneck including installation | | | | |
| 4 | Smart Board including installation and training | Infrared Interactive white board – 78 indees 10 touch input method pen, figure, teaching pointer any other opaque object. Adjustable with windows and other programmes.Standard brand latest technology. | 01 | | | |
| 5 | Class writing Boards | Writing board with vitreous enameled steel sheet top surface size (4x10) feet, Purpose : Writing with chalk % glass at 60 deg. Lead : 02 min. including fixing | 05 | | | |
| 6 | Digitisation of Library | *Software e granthalay or e library or equivalent standard software, installation & development OPAC and AMC inclusive<br>*Basic data entry in library software from accession register<br>*data entry directly from books in library software<br>*Data migration to software<br>*Assigning call numbers barcoding to library items generating<br>*printing & pasting call numbers bar coding lebel on the books<br>*Arrangements of books of shelves as per call numbers<br>*student staff data entry in software<br>*Training to library staff and technical support<br>*Library management software consisting<br>***one bar code reader standard company**<br>[1] Quick book issue & receipt<br>[2]Stock verification report<br>[3]Library card both vertical and horizontal<br>[4]Connectivity with college librarian<br>[5] Backup & restore data<br>[6] Automatic books quantity tracking<br>Books, accession register and one PC will be provided in the college premises without internet facility and all other requirements to be arranged by the supplier work completion time 15 days from the date of order | 15000[ +/- 2000] Books | | | |

नोट :–

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय

1. कार्य से पूर्व क्रय समिति/अधिकृत जांचकर्त्ता द्वारा गुणवत्ता जांच की जायेगी। स्पेसीफिकेशन के अनुसार सही पाये जाने पर ही आपूर्ति स्वीकार की जायेगी।
2. किसी भी स्थिति में अधिकतम खुदरा मूल्य (एम आर पी) से अधिक की निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। एफ. ओ.आर. एम.बी.आर. राजकीय महाविद्यालय बालोतरा होगा तथा स्थानीय कर, चुंगीकर GST इत्यादि का भुगतान फर्म को ही करना होगा। प्रत्येक उपकरण की दर एक यूनिट की समस्त टेक्स/अन्य चार्जेज जोड़ते हुए अंकित करेगें।
3. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तों को भलीभांति पढ़ लिया है एवं स्वीकार्य रूप में शर्तों एवं एस आर –11 पर हस्ताक्षर कर दिये हैं।
4. यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कॉलेज कार्यक्रम या अन्य कोई अपरीहार्य स्थिति के अत्पन्न होने पर निविदा उसी समय अगले दिन खोली जा सकती है। जिसकी सूचना कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय वेब पोर्टल दे दी जायेगी।

प्राचार्य
एम.बी.आर.राजकीय महाविद्यालय
बालोतरा

Signature and Address
of Bidder With Seal

एस. आर. 11

## निविदादाता का घोषणा पत्र

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने जिस सामग्री/सेवा के लिये बोली (निविदा) दी है एवं उनका/उनके मैं/हम बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रय/वितरण एजेन्ट हूँ/है।

यदि यह घोषणा असत्य पाये जावें तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो कि जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी बोली प्रतिभुति को पूर्ण रूप से जब्त किया जा सकेंगा तथा बोली/निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

प्राचार्य
एम.बी.आर.राजकीय महाविद्यालय
बालोतरा

बोलीदाता/निविदादाता
के हस्ताक्षर